भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर
राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

जोधपुर 6 जुलाई 2023

भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में दिनांक 5 जुलाई 2023 को ‘कार्यालयी हिन्दी का स्वरूप’ विषय पर राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में श्री शिवचरण बैरवा, राजभाषा अधिकारी, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, जोधपुर ने व्याख्यान दिया। श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, (वरि.ग्रेड) ने कहा कि हमें राजभाषा हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने के लिये संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिये। सुश्री सुनिता आर्य, लेखा नियंत्रक ने कहा कि हिन्दी कार्यशालाओं के आयोजन द्वारा कर्मचारियों की हिन्दी के प्रयोग में झिझक दूर करने में सहायता मिलती है। श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में दिये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रयास करने की अपील की। कार्यशाला में 30 से अधिक वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।